# छुक छुक गाड़ी

देखो चली हमारी गाड़ी
छुक छुक गाड़ी
छुक छुक गाड़ी।

लाल हरी पीली नीली
छुक छुक गाड़ी
छुक छुक गाडी ।।

हट जाओ भैया सरको यार!
टकरा जाय तो पटरी पार।।
भक भक भक भक छुक-छुक, छुक-छुक
चली जाए यह तेज रफ्तार

घने जंगल हो बड़े पहाड़
रुके नहीं देख नदी की धार!
धम धम धम धम भागे छमा छम
चढ़े पुल कर शहर पार!

## चित्र देखकर बताओ

